दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 28 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. प्रधानमंत्री ने देश को दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाने में राज्यों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड समेत नौ राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार होंगे झारखंड के नये राज्यपाल।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून की गतिविधि कमजोर। तीस जुलाई के बाद प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बारहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम के तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाना हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है। नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लोगों से सीधे जुड़े होने के कारण राज्य इस उद्देश्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी और भू–राजनीति तथा अवसरों के लिए परिवर्तन का दशक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इन अवसरों का लाभ उठाकर अंतर्राष्ट्रीय निवेश के लिए अनुकूल नीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए कौशल, अनुसंधान, नवाचार और रोजगार आधारित जानकारी की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सराहना की। नीति आयोग की बैठक में केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, जीतनराम

मांझी और चिराग पासवान सदस्य के रूप में शामिल हुये। वहीं, बिहार सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने बैठक में हिस्सा लिया।

---

भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप–मुख्यमंत्रियों की नई दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह भी उपस्थित थे। श्री मोदी ने बैठक में शामिल मुख्यमंत्रियों और उप–मुख्यमंत्रियों से कई मुद्दों पर चर्चा की। इस बैठक में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी शामिल हुये। इस दौरान उन्होंने बिहार में चलाई जा रही केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की नवीनतम स्थिति और योजनाओं की सफलता के बारे में बताया।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड समेत नौ राज्यों में नये राज्यपालों की नियुक्ति की है। राष्ट्रपति भवन जारी अधिसूचना के अनुसार पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार झारखंड के राज्यपाल बनाये गये हैं। झारखंड के वर्तमान राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन महाराष्ट्र के राज्यपाल होंगे। महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरिभाउ किसनराव बागड़े को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। त्रिपुरा के पूर्व उप मुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा तेलंगाना के राज्यपाल होंगे।

---

भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि पार्टी का जनाधार बढ़ाना उनकी प्राथमिकता है। साथ ही पार्टी बिना किसी भेदभाव के समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान दिलायेगी। उन्होंने नई दिल्ली में पार्टी के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और राज्य मंत्री नित्यानंद राय समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा भी की।

---

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा है कि प्रदेश के सभी एक सौ एक अनुमंडलों में उद्यमिता विकास केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। इसमें मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत चयनित लाभुकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा, और उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों की स्थापना अनुमंडल स्थित किसी एक कॉलेज में किया जायेगा और चयनित कॉलेजों में उद्यमिता के लिए संसाधन विकसित किये जायेंगे। श्री मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार आधारित उद्यमिता और उद्योगों को बढ़ावा देने का हर सम्भव प्रयास कर रही है।

---

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए पार्टी सदन से लेकर सड़क तक आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि विशेष दर्जा पूरे राज्य की मांग है और इसे पूरा करने के लिए पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

---

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि सरकार धान, मक्का और अन्य खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए डीजल अनुदान दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रति एकड़ सात सौ पचास रूपये की दर से अनुदान दिया जायेगा। साथ ही एक किसान को अधिकतम आठ एकड़ भूमि के लिए यह अनुदान दिया जायेगा। मंत्री ने कहा कि अनुदान की राशि आधार से जुड़े किसानों के बैंक खातों में भेजी जायेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए तीस अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन कृषि विभाग की वेबसाईट पर किया जा सकता है।

---

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत ने उनतीस जुलाई से तीन अगस्त तक लगने वाले विशेष लोक अदालत सप्ताह में भागीदारी के लिए नागरिकों को आमंत्रित किया है। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि विवाह और संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावेदारी, भूमि अधिग्रहण क्षतिपूर्ति, सेवा और श्रम मुद्दों सहित निपटाए जाने वाले मामलों को सर्वोच्च न्यायालय की विशेष लोक अदालत में उठाया जाएगा।

–––बाईट–––

हमारी न्याय प्रणाली अब तकनीकी प्रगति का उपयोग करके वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी इस विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगी। यह तरीका न केवल तेज और पारदर्शी है बल्कि लागत प्रभावी और सुगम भी है। लोक अदालत में भाग लेने से आपको कई लाभ मिलते हैं। इससे आपके विवादों का जल्दी सरल और कम खर्चीला समाधान होता है। लोक अदालत के निर्णय अंतिम और लागू करने योग्य होते हैं। इसके अलावा विवाद के निपटारे के बाद आप पहले से जमा की गई अदालत की फीस की वापसी का भी दावा कर सकते हैं।

---

राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून की गतिविधि कमजोर पड़ने से बहुत कम बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश के उत्तर–पूर्व भागों के कुछ स्थानों को छोड़कर राज्य के अधिकांश भागों में लोगो को उमसभरी गर्मी का सामना करना पर रहा है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर, बक्सर, सारण, सीवान, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण समेत राज्य के उत्तर और दक्षिण–पश्चिम भागों के अनेक स्थान पर मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि तीस जुलाई के बाद प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर मॉनसून की गतिविधिया बढेंगी, जिससे सामान्य बारिश की संभावना है।

———बाईट———

---

प्राथमिक शिक्षा के निदेशक मिथिलेश मिश्रा ने कहा है कि सभी निजी विद्यालयों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों को निबंधन के लिए पंद्रह अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन देना होगा।

———बाईअ———

---

परिवहन विभाग ने विद्यालयों के समय पर सड़कों पर बड़े मालवाहक वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी है। विभाग ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को निर्देश भेज दिये हैं। विभाग ने स्कूलों से पहले सड़कों पर साईनेज लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही स्कूलों के आस–पास सड़कों पर कैमरे लगाने को भी कहा है।

---

प्रदेश के सत्ताईस आउट पोस्ट को अपग्रेड कर पुलिस थानों में तब्दील किया जा रहा है। गृह विभाग ने नवसृजित थानों के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें बेगूसराय के ग्यारह और मुजफ्फरपुर तथा बक्सर के आठ–आठ थाना शामिल हैं। इन सभी थानों का क्षेत्राधिकार भी तय कर दिया गया है।

---

पूर्व मध्य रेलवे ने मिशन रेल रफ्तार के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय से प्रधान खांटा तक कवच प्रणाली पर काम अंतिम चरण में है। रेलवे के सूत्रों ने बताया कि चार सौ सत्रह किलोमीटर की लम्बाई वाला यह ट्रैक पूर्व मध्य रेलवे का पहला मार्ग होगा, जिसे कवच प्रणाली से जोड़ा जा रहा है। इस परियोजना पर दो सौ आठ करोड़ रूपये की लागत आयेगी।

---

भारत ने कल पहले टी–ट्वेंटी मैच में श्रीलंका को तैंतालीस रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने तीन मैच की श्रृंखला में एक–शून्य की बढत बना ली है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

नए हेड कोच गौतम गंभीर और नए कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारत ने टी–20 श्रृंखला के पहले मैच में भारत ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 7 विकेट पर 213 रन बनाए। जवाब में, श्रीलंका की टीम निर्धारित बीस ओवर में 170 रन ही बना सकी। सूर्यकुमार यादव को तेज़ 58 रन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।
श्रृंखला का दूसरा मैच आज शाम सात बजे से खेला जाएगा।
कोलम्बो से अहमद मुईन फारुक़ी की रिपोर्ट के साथ समाचार–कक्ष से................

---

राज्य के सतहत्तर हजार तीन सौ सत्तर सरकारी, निजी और अनुदानित विद्यालयों में कल से शिक्षा सप्ताह की शुरूआत की गयी है। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान संबंधित विद्यालयों में अलग–अलग तरह की गतिविधियां संचालित की जायेगी।

---

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह ने कहा है कि सभी लाभुकों तक गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की आपूर्ति की जाए। उन्होंने पटना में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि खाद्य सुरक्षा के तहत गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

---

पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी ने कहा है कि दरभंगा में एम्स के निर्माण से लाखों लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार देश में बेहतर, आधुनिक और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का शीर्षक बनाया है– राज्यों के विकास के रास्ते ही विकसित बनेगा भारत।

दैनिक जागरण ने प्रतियोगी परीक्षाओं में क्षेत्रीय भाषाओं के बढ़ते प्रभाव से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है– युवाओं के सपने को पूरा करने में भाषा अब बाधा नहीं।

दैनिक भास्कर ने जम्मू में सेना की कार्रवाई को प्रमुखता देते हुये लिखा है– जैश की रीढ़ तोड़ रही सेना, दस दिन में पन्द्रह मुखबिर पकड़े।

प्रभात खबर ने पटना हाई कोर्ट के आदेश का शीर्षक लगाया है– अग्रणी की सम्पत्ति नीलाम कर डीएम तीन माह में ग्राहकों को पैसा लौटाये।

राष्ट्रीय सहारा ने पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चन्द्रन के हवाले से लिखा है– तीन नये कानून वर्तमान समय और समाज के लिए उपयुक्त।

आज अखबार ने शिक्षा विभाग की पहल पर लिखा है– बच्चे सीखेंगे हुनर, भरेंगे कौशल की उड़ान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. प्रधानमंत्री ने देश को दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाने में राज्यों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड समेत नौ राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार होंगे झारखंड के नये राज्यपाल।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून की गतिविधि कमजोर। तीस जुलाई के बाद प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।